भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi ka Amrit Mahotsav

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 12.08.2023

आरेडिका में किया पार्कों का सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में पार्क सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण अभियान के तहत टाइप–4 के दो पार्कों को महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने सौन्दर्यीकरण के पश्चात लोकार्पण किया एवं कॉलोनी की महिलाओं तथा बच्चों ने पार्क में वृक्षारोपण में सहभागिता की।

महाप्रबंधक महोदय ने बच्चों से बात–चीत की एवं पार्क में लगी सुविधाओं को देख कर बच्चों ने खुशी जाहिर की तथा महाप्रबंधक महोदय का आभार जताया।

यह पार्क सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रधान मुख्य अभियंता श्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि महाप्रबंधक महोदय ने आवासीय परिसर के सभी 54 पार्कों के सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण का आदेश दिया है। जिसके तहत पार्कों में बच्चों के खेल–कूद के उपकरण, झूला इत्यादि लगाए गए हैं। जिससे बच्चों को मनोरंजन के साधन उनके घर के सामने ही मिल सकें।

इसी कड़ी में आगे महाप्रबंधक महोदय से कॉलोनी की महिलाओं ने कुछ अतिरिक्त अभियांत्रिकी, विद्युत एवं चिकित्सा सुविधाओं की मांग की जिनको शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए महाप्रबंधक महोदय ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस एस कलसी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री एस के कटियार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री राजीव खण्डेलवाल प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री हरीश चंद्र, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चंद्र सहित उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

12.8.2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी